


# नशा मुक्ति केंद्र में युवक की संदिग्ध मौत, चार पुलिसकर्मी निलंबित

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 18 अगस्त।** फिजिकल थाना क्षेत्र स्थित खिन्नी नाका नशा मुक्ति केंद्र में रविवार देर रात हुई युवक दिनेश लोधी की मौत ने पूरे जिले में सनसनी फैला दी है। मौत को लेकर सवालों की बौछार थमने का नाम नहीं ले रही। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी

## पुलिस कस्टडी में मारपीट के आरोप, लोधी समाज ने किया उग्र आंदोलन

अमन सिंह राठौड़ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार पुलिसकर्मियों एएसआई प्रवीण त्रिवेदी, आरक्षक राहुल, महेन्द्र जीतू को निलंबित कर दिया है और विभागीय जांच बैठा दी है।



जानकारी के अनुसार पुलिस ने दिनेश लोधी को उसके साथियों अजय और केपी लोधी के साथ बाइक चोरी के संदेह में हिरासत में लिया था। आरोप है कि हिरासत के दौरान दिनेश के साथ मारपीट की गई और बाद में उसे नशा मुक्ति केंद्र भेजा गया। रविवार देर रात उसकी हालत अचानक बिगड़ी, उल्टियां हुईं और उसने दम तोड़ दिया। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या दिनेश की मौत नशे की वजह से हुई, नशा मुक्ति केंद्र की लापरवाही से या फिर पुलिस कस्टडी में हुई मारपीट के चलते कलेक्टर ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश जारी कर दिए हैं और पैनल पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

**समाज का चक्काजाम, न्याय की मांग :** दिनेश की मौत के बाद आक्रोशित लोधी समाज सड़कों पर उतर आया। बड़ी संख्या में समाजजन ने पोहरी चौराहे पर चक्काजाम कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। समाजजनों ने साफ कहा कि जब तक दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। चक्काजाम के कारण यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ।

# शिवहरे ने ताजिया कमेटी को किया सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**कोलारस 18 अगस्त।** हर वर्ष की तरह इस बार भी नगर में चेल्लम के ताजिए परंपरा अनुसार निकल गए विधिवत इबादत के बाद ताजियों का जुलूस नगर के प्रमुख मार्गो से निकाला गया?? मार्ग में जगह-जगह जुलूस में

## नगर में जगह-जगह निकले चेहल्लुम के ताजिए

शामिल ताजिया कमेटी के सदस्यों का नगर प्रमुख द्वारा साफे पहनाकर सम्मानित किया गया रविवार की शाम चेल्लम के तालिया का जुलूस कटरा मोहल्ले से प्रारंभ हुआ,इसके बाद नगर में बनाए गए सभी ताजिये अपने-अपने स्थान से जुलूस में शामिल हुए यह ताजिया बैंड बाजों की धुन पर नगर के सदर बाजार,काजी मोहल्ला,एप्रोच



रोड, सफर तय करते हुए सोमवार की सुबह जगतपुर चौराहे पहुंचे। इसके बाद कर्बला में जाकर समापन किया। पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे ने इस मौके पर ताजिया कमेटी के सदस्यों का सम्मान करते हुए साफे पहनाऐ एवं बैंड बाजा की टीम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार वितरण किया ।ताजियो के जुलूस में मुस्लिम समाज के लोगों के साथ-साथ नगर के जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मंगल सिंह कुशवाह,नगर परिषद उपाध्यक्ष रोहित वैश्य,मंडल उपाध्यक्ष देश पाल सिंह राजावत,मंडल महामंत्री दीपक जैन,पार्षद भानु जाट,पार्षद राजू भार्गव,दीपक भार्गव, इरशाद काजी,बल्लू बाबा,सादिक खांन,सरीफ खान, सगीर इंजीनियर, इमरान अली (पत्रकार),अकरम कुरेंशी,सफीक (गट्टू) खांन,आदि मौजूद हुए।

## सेंट्रो कॉन्वेंट स्कूल में आजादी का पर्व : ध्वजारोहण के साथ आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**शिवपुरी।** स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ का पर्व गौतम बिहार स्थित सेंट्रो कॉन्वेंट हाई स्कूल में धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और खूब वाहवाही बटोरी। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार और समाजसेवी अशोक कोचेटा उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सबसे पहले मुख्य अतिथि अशोक कोचेटा ने ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। स्कूल के संचालक जिनेन्द्र जैन व व्यवस्थापक विवेक तिवारी ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने शानदार प्रस्तुति प्रस्तुत की। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती अंशु शर्मा ने किया एवं आभार व्यक्त संचालक जिनेन्द्र जैन ने किया। सांस्कृतिक समारोह के बाद बच्चों को पुरस्कार वितरण किए गए। तत्पश्चात सभी बच्चों को मिष्ठान का वितरण किया गया। दो घंटे तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों की प्रस्तुतियों की खासकर मोबाइल और सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों को दर्शाती नाटिका को भरपूर सराहना मिली है।

# शिकायतों पर अब नहीं चलेगी टालमटोल, कलेक्टर चौधरी ने अधिकारियों को दिया साफ संदेश

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 18 अगस्त।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने सोमवार को आयोजित समन्वय बैठक में अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि

## जनता से सीधे बात कर करें समस्याओं का समाधान

सीएम हेल्पलाइन व समय सीमा पत्रों को गंभीरता से लें, हर शिकायत का समय पर और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने साफ कहा कि जिन विभागों में सबसे ज्यादा शिकायतें लंबित हैं, उनके अधिकारी शिकायतकर्ताओं से खुद फोन पर बात करें और उनकी समस्याओं का हल करें। यदि कोई मामला निराकरण योग्य नहीं है तो शिकायतकर्ता को स्पष्ट कारण बताया जाए, ताकि शासन की कार्यप्रणाली पर जनता का भरोसा बना रहे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। खाद्यान्न वितरण, सीमांकन और खाद आपूर्ति जैसे मुद्दों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर चौधरी का सख्त संदेश अब अधिकारियों के लिए चेतावनी है और जनता के लिए राहत की उम्मीद।

**आदि कर्मयोगी अभियान को कलेक्टर चौधरी ने बताया सार्थक पहल :** कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आदि कर्मयोगी अभियान का जिला स्तरीय ओरिएंटेशन आयोजित किया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला सहित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर चौधरी ने कहा कि यह अभियान जनजातीय बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास और आदिवासी परिवारों को बुनियादी सुविधाओं से जोडने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। जिले के 8 विकासखंडों के 746 जनजातीय ग्राम चयनित किए गए हैं, जहां ग्रामवार प्लान बनाकर शासन की योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक पहुँचाया जाएगा। अभियान के तहत आवास, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क व अन्य कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने पर फोकस रहेगा। इसके लिए प्रत्येक ग्राम में च्आदि सेवा केंद्र बनाए जाएंगे, जो एक ही खिड़की से सभी सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा है कि आदिवासी परिवार विकास की मुख्यधारा से जुड़े और उनका जीवनस्तर बेहतर हो।



### राजस्व अधिकारी अब गोदाम से बाजार तक करेंगे निगरानी, किसानों को मिलेगा समय पर खाद : कलेक्टर

किसानों को खाद वितरण में किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने बड़ा आदेश जारी किया है। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए कि वे खुद डबल लॉक गोदाम, सहकारी समितियां, मार्केटिंग सोसायटी, एमपी एग्रो और निजी विक्रय केंद्रों का निरीक्षण करें और सुनिश्चित करें कि किसानों को निर्धारित मात्रा का खाद समय पर और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध हो। कलेक्टर ने चेतावनी दी है कि निरीक्षण के दौरान मिली जानकारी तुरंत साझा करें, ताकि गड़बड़ी पाए जाने पर त्वरित कार्रवाई हो सके। कलेक्टर की इस सख्त मॉनिटरिंग से अब किसानों को खाद वितरण में पारदर्शिता और समय पर उपलब्धता की गारंटी मिलेगी।

# मार्ग दुरस्त करने के संबंध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**कोलारस 18 अगस्त।** करीबन दो दर्जन ग्रामीणों ने एकत्रित होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ग्राम पिपरौदा बुजुर्ग में सहायक सचिव द्वारा शासकीय ग्रामीण कार्यों में भारी भ्रष्टाचार करने पर हटाए जाने के संबंध एवं मार्ग दुरस्त करने के संबंध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन। ग्राम पिपरौदा बुजुर्ग ग्राम पंचायत साखनौर तहसील कोलारस के ग्रामीणों ने कहा कि सरपंच व सहायक सचिव द्वारा हम ग्रामीणों का कोई भी कार्य बिना पैसों के नहीं किया जा रहा है हम प्रार्थीगण को कुटीर स्वीकृत नहीं कराई गई है कुटीर के दस हजार रूपये मांगे जाते है असलीयत है कि जो लोग पात्रता में है उनको कुटीर का लाभ नहीं दिया जाता है और उपरोक्त सरपंच एवं सहायक सचिव के करीवी सम्बंधियों व चाहने वालों को ही ग्राम पंचायत के कार्यों को लाभ दिया जा रहा है और जिन परिवारों के पास रहने के लिये पक्के मकान नहीं है और उनकी स्थिती अत्यधिक खराब है



उन्हे कुटीर का लाभ नही दिया जा रहा है।

पूर्व में कुछ व्यक्तियों को कुटीर स्वीकृत हुई थी उन लोगो से उक्त सरपंच एवं सहायक सचिव द्वारा बीस हजार रूपयों की मांग की गई उक्त व्यक्ति गरीव व्यक्ति थे जो 20,000/- रूपये देने में असमर्थ रहे थे इस कारण उनके नाम की कुटीरों को अन्य व्यक्तियों से 20,000/- रूपये लेकर उन्हे दे दी गई। इसके अलावा सहायक सचिव द्वारा समग्र आई.डी. में से नाम बडाने तथा अलग कराने के दिलीप लोधी से 1000/-रूपये लिये गये है और राशन पर्ची के समस्त ग्राम वासियों को 1 पर्ची के 200 रूपये लिये गये है सहायक सचिव द्वारा और कुछ लोगो की अभी तक पर्ची भी नही बनी है। एवं जो प्राकृतिक आपदा अधिक वर्षा के कारण पिछले महिने दिनांक 29.07.2025 को ग्राम पिपरौदा पंचायत साखनौर सिंध नदि के पास में है जो अधिक वर्षा होने के कारण बाड़ की चपेट में आ गया था और बाढ़ के कारण ग्रामीणजनों की फसल नष्ट हो गई और कई कच्चे घर भी टूट गये तथा कई धुधारू जानवर भी उक्त बाड़ में बह गये और घरों में रखा अनाज व खाने पीने का सामान भी खराब हो गया जिससे ग्रामवासियों को बहुत अधिक नुकसान हुआ है जिसकी मुआवजा राशि दिलाई जाना आवश्यक है। ग्रामीणों का कहना है कि उपरोक्त ग्राम पंचायत साखनौर के सरपंच एवं सचिव के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही कर सहायक सचिव का अन्य किसी पंचायत में स्थानांतरण करने की कृपा करें। इसी दौरान रहमान,जितेंद्र, रहमान, मोतीलाल, मनमोहन, हरिनेवास, इन्डाजीत,रोशन, सुखवीर ,राकेश सहित दो दर्जन ग्रामीण मौजूद रहे।

**इनका कहना है...**

ग्रामीणों द्वारा झूठी शिकायती की जा रही है हमारे रोजगार सहायक ने किसी भी ग्रामीण से अवैध राशि नहीं ली है यह सब काम ऑनलाइन होता है एवं कुटीर योजना में भी हमारे द्वारा किसी से पैसे नहीं मांगे गए हैं ।बाढ़ में हुए नुकसान में सभी के सर्वे कराए गए हैं लेकिन कुछ हितग्राहियों का कहना है कि हमारे नहीं हुई लेकिन उनका नुकसान ही नहीं हुआ तो फिर सर्वे कैसे होगा वह फर्जी मुआवजा लेना चाहते हैं

**श्रीमती उषादेवी संतोष लोधी ग्राम पंचायत साखनौर सरपंच कोलारस**

# संविदा नीति लागू कराने सड़कों पर उतरे संविदाकर्मी, कलेक्टर को सौंपा 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 18 अगस्त।** मध्यप्रदेश में संविदा कर्मचारियों की अनदेखी और लंबित संविदा नीति को लेकर आज शिवपुरी में संविदा संघर्ष संयुक्त मंच ने जोरदार प्रदर्शन किया। मंच के पदाधिकारी और सैकड़ों संविदाकर्मी कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

संविदा कर्मियों की प्रमुख मांगों में 23 जुलाई 2023 को घोषित संविदा नीति का क्रियान्वयन जल्द से जल्द हो। महंगाई भत्ता, अर्जित एवं मेडिकल अवकाश का प्रावधान। सीधी भर्ती में 50 प्रतिशत पदों पर संविदाकर्मियों को वरीयता, न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक की पात्रता, कम से कम 20 लाख रुपये का सामूहिक बीमा, संविदाकर्मियों को अवकाश आबंटन की सुविधा, चिकित्सा क्षेत्र के संविदाकर्मियों को पीएससी पदों पर नियमित किया




जाए एवं पूर्व सीएम शिवराज सिंह द्वारा लागू संविदा नीति को पूरी तरह लागू किया जाए आदि शामिल हैं। संयुक्त मंच के जिलाध्यक्ष श्रीप्रकाश शर्मा ने कहा कि सरकार ने संविदा नीति बनाकर संविदाकर्मियों के साथ न्याय का भरोसा दिया था, लेकिन आज तक इसे लागू नहीं किया गया। यदि जल्द मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन और तेज होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष श्रीप्रकाश शर्मा के साथ इंजीनियर विकास गोयल, शिवम ओझा, दीपेश यादव, भावना लखेरा, गौतम सेन, शैलेष सिंह कुशवाह, कमल सिंह बाथम शेरा, सचिन दुबे, शिशुपाल सिंह रघुवंशी, अरविंद दांगी, सुनील कुमार, संजय श्रीवास्तव, राहुल मौर्य, सुखवीर सिंह, एनके अष्ठाना, जुबेर खान, गगन भार्गव, रमेश आर्य, अमित श्रीवास्तव, अरुण शर्मा, भगवत सिंह, गीता लखेरा सहित सैकड़ों अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे।



## ग्वाल समाज ने पहली बार उमंग एवं भक्ति के साथ निकाली भव्य शोभायात्रा

**शिवपुरी 18 अगस्त।** ग्वाल समाज द्वारा इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व अद्भुत भक्ति और उत्साह के संग मनाया गया। ठकुरपुरा छावनी से समाज की पहली बार भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाजजन डीजे की धुनों पर नाचते-गाते भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन नजर आए।

यह शोभायात्रा श्री बड़े हनुमान मंदिर तुलसी आश्रम से शाम 7 बजे प्रारंभ हुई और एबी रोड होते हुए पूरे ठकुरपुरा वार्ड से निकलकर ग्वाल समाज धर्मशाला तक पहुंची। शोभायात्रा का समाजजन और नगरवासियों ने जगह-जगह फूलों की वर्षा, आतिशबाजी, जल व आइसक्रीम वितरण कर स्वागत किया। शोभायात्रा में सजीव झांकी के रूप में भगवान श्रीकृष्ण रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन दे रहे थे। इस अवसर पर ग्वाल समाज ठकुरपुरा छावनी के महाते प्रेम पडरया, दीवान धनीराम कछवाए, चौधरी श्रवण लाल सहित समस्त ग्वाल समाजजन मौजूद रहे। महिलाएं, बच्चियां, युवा और बच्चे सभी ने मिलकर पर्व को भक्ति और उल्लास से सराबोर कर दिया। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 17 लुधावली में भी ग्वाल समाज द्वारा भव्य आयोजन किया गया। यहां मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई और सभी भक्तों को खीर का प्रसाद वितरित किया गया।

# अपना घर गौशाला में पहली बार गौमाताओं को अर्पित हुए 56 भोग

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 18 अगस्त।** इतिहास में पहली बार शहर के मध्य स्थित अपना घर गौशाला परिसर में रविवार को गौमाता को समर्पित 56 भोग दरबार का भव्य आयोजन हुआ। इस अनूठे कार्यक्रम ने पूरे परिसर को बृजभूमि जैसा आभास कराया। गौमाता के 56 भोग का आयोजन अपना घर गौशाला संचालक रमेशचंद्र अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें गौसेवक राजेन्द्र गुप्ता सेठ, प्रवीण गुप्ता, विवेक गुप्ता सहित संस्था के सभी पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित इस भव्य आयोजन के मुख्य यजमान रहे सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता वनस्थली, समाजसेवी अजय जैन चौधरी, कैट प्रदेश उपाध्यक्ष पवन कुमार जैन (पीएस), अशोक अग्रवाल (डेयरी वाले), सचिन जैन (पत्तेवाले), रामप्रकाश नीखरा, मध्यदेशीय अग्रवाल समाज अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता (तिघरी), कपिल गुप्ता (लुकवासा वाले),



शिवशंकर सेठ, श्रीमती बबीता संजू जैन (पत्तेवाले), लवलेश जैन चीनू, मोनू प्रधान और कपिल सहगल (छप्पन भोग सिर पर रहे)।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद समाजसेवियों, गौसेवकों, डॉक्टरों, पत्रकारों और गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में भगवान को गोलोक भ्रमण कराया गया। बैंड-बाजों की मधुर धुन और नाच-गानों के बीच सभी यजमानों ने छप्पन भोग लेकर गौमाता की होदियों में अर्पित किया। इसके पश्चात गोलोक द्वार खोले गए और गौमाता की आरती कर सभी ने बृजभूमि जैसा दिव्य नजारा देखा। इस अवसर पर सेवाभावियों ने अपने वजन के अनुरूप तुलादान कर गौसेवा की। तुलादान में प्रमुख रूप से श्रीमती रिंकी राजकुमार गोयल (गौसेवक), दिनेश जैन (समाजसेवी), विशाल भसीन (समाजसेवी) सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।

**गौसेवा के लिए हुआ दान :** गौशाला परिसर में इस अवसर पर सेवाभावियों ने बढ़-चढ़कर दान भी किया। जिनमें पं. विनोद शास्त्री ने 21,000 रूपए, रत्नेश जैन 11,000 रूपए, श्रीश्याम भक्त मंडल 11,000 रूपए, डॉ. आर.एस. गुप्ता 5,100 रूपए, घनश्याम गुप्ता (तिघरी वाले), अध्यक्ष मध्यदेशीय अग्रवाल समाज द्वारा 21 पंखे (गौपरिसर हेतु), श्रीजी सेवा समिति द्वारा11 पंखे, राजेन्द्र बंसल द्वारा 11 पंखे, मनीष अग्रवाल (कंप्यूटर गैलरी) द्वारा 2 पंखे दिए गए। कार्यक्रम के अंत में समाजजनों और गौसेवकों ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे सुबह एक बार अवश्य गौशाला पधारें, बच्चों को साथ लाकर गौसेवा देखें ताकि नई पीढ़ी भी गौसेवा से जुड़कर पुण्य लाभ अर्जित कर सके।



## सुपर बाइक की तेज आवाज से मचा हंगामा, दो पक्ष भिड़े, एफआईआर दर्ज

**शिवपुरी।** रविवार रात शहर के फिजिकल थाना क्षेत्र में सुपर बाइक की तेज रफ्तार और कानफोड़ू आवाज विवाद की वजह बन गई। मामला इतना बढ़ा कि दो पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर मारपीट हो गई। सूत्रों के मुताबिक, कालोनाइजर सिंकी सांखला के भाई पिंकी सांखला ने अपने बेटे को 14 लाख रुपए की सुपर बाइक दी थी। रोज की तरह वह बाइक राइड पर निकला और जब शगुन वाटिका के पास पहुंचा तो बाइक से निकल रही गर्जन जैसी आवाज और रफ्तार से नाराज लोग उसे रोकने लगे। पहले बहस हुई, फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और हाथापाई तक पहुंच गए। आरोप है कि इस दौरान पूर्व पार्षद के सहयोगियों ने मारपीट की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर झगड़े को शांत कराया और पिंकी सांखला की शिकायत पर 4-5 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं इसी थाना क्षेत्र के फिजिकल रोड पर देर रात एक बेकाबू कार बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के एयरबैग खुल गए और पूरा इलाका अंधेरे में डूब गया। लोगों ने फौरन दोनों युवकों को कार से बाहर निकाला। सौभाग्य से एयरबैग के कारण उन्हें सिर्फ मामूली चोटें आईं।